# NEXT™
NEWS EXCELLENT TODAY

E- Paper NEXT 0024

newsexcellenttoday.com | 04 जनवरी 2025, शनिवार | पौष, शुक्ल पक्ष पंचमी - 2081


**श्रेष्ठ सुप्रभात**

**जो स्वयं पर अनुशासन नहीं कर सकता और अपने स्वामी के अनुशासन में भी नहीं रह सकता, वह दुःख मुक्त नहीं हो सकता है।**

-आचार्य महाश्रमण

**तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| श्रीडूंगरगढ़ | 27.0 | 9.0 |
| बीकानेर | 26.0 | 8.0 |
| जयपुर | 26.0 | 10.0 |

## दुर्घटनाओं को रोकने की ओर बढते पुलिस के कदम, सरदारशहर रोड पर बजरी और गिट्टी न फैलाने के लिए दुकानदारों को दिए निर्देश

NEXT सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से श्रीडूंगरगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को सरदारशहर रोड पर पैदल निरीक्षण किया। सीओ निकेत पारीक के नेतृत्व में एसआई धर्मपाल और पुलिस के जवानों ने सड़क पर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया और भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं से चर्चा की।



निरीक्षण के दौरान पुलिस ने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि बजरी, गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री सड़क पर न फैलाएं, जिससे यातायात बाधित न हो और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर फैली सामग्री न केवल दुर्घटनाओं का कारण बनती है, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी बाधा उत्पन्न करती है।

दुकानदारों ने पुलिस के इस कदम की सराहना करते हुए सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## सावित्री बाई फुले जयंती पर तपस्विनी फाउंडेशन ने किया आयोजन

NEXT तपस्विनी फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के संयोजक सुनील तावणिया मुख्य वक्ता रहे जबकि महामंत्री सुमन मोदी ने आयोजन का संचालन किया।



इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सावित्री बाई फुले के योगदान को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मीना सिंधी, छात्र नेता बसंती लांबा, कविता लांबा, दीपिका सोनी, ललिता सोनी, किशन शर्मा समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी ने समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। संयोजक सुनील तावणिया ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्री बाई फुले ने अपने समय में अनेक सामाजिक बाधाओं को पार करते हुए महिलाओं और दलितों को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया।

संगठन के सदस्यों ने इस प्रेरणादायी जयंती को समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता के साथ मनाया।

## श्रीडूंगरगढ़ में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध मिठाई वाले पर हुई कार्यवाही

NEXT श्रीडूंगरगढ़ में अवैध रूप से एलपीजी के उपयोग पर सख्ती करते हुए एक मिष्ठान भंडार पर सख्त कार्यवाही की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमित गोदारा एवं जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरूपयोग एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम हेतु जारी अभियान के तहत यह कार्यवाही की गई है। जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने प्रवर्तन निरीक्षक राहुल गुलानी के साथ श्रीडूंगरगढ़ के मुख्य बाजार में रूपेश मिष्ठान भंडार पर औचक निरीक्षण किया। जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि दुकान के ऊपर बने मिठाई कारखाने में मिठाई बनाने के लिए घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। इस पर दुकान मालिक गोरधन दास थदाणी से 3 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर सिलेंडरों को श्रीडूंगरगढ़ इंडेन गैस एजेंसी में रखवाए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरूद्ध एलपीजी अधिनियम, 2000 के खंड सं. 3, 4, 5 व 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है तथा उसके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद पेश किया जाएगा।

## 31 प्रतिभाशाली छात्राओं को इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार के तहत स्कूटी वितरित

NEXT सीकर के एस. के. गर्ल्स कॉलेज में शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा एवं भविष्य को समर्थन देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सत्र 2021-22 और 2022-23 की 31 प्रतिभाशाली छात्राओं को इंदिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार के तहत स्कूटी प्रदान की गई।



इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी शीशराम कुल्हरी ने की। कार्यक्रम में उपस्थित 27 छात्राओं को TVS स्कूटी, 5 वर्ष का इंश्योरेंस और हेलमेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मदन लाल ढाका, राजेंद्र मीणा, अरविंद ओलखा और छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## बोरवेल में गिरने की घटना के बाद सरकार सख्त खुले बोरवेल सील करने का अभियान शुरू

NEXT चेतना के बोरवेल में गिरने की दर्दनाक घटना ने राजस्थान सरकार और प्रशासन को हरकत में ला दिया है। प्रदेश में खुले और असुरक्षित बोरवेल व ट्यूबवेल के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सघन अभियान शुरू किया गया है।

**सुरक्षा समितियों का गठन:**
राज्य सरकार ने आदेश जारी करते हुए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुरक्षा समितियों का गठन किया है। श्रीडूंगरगढ़ के पंचायत समिति के विकास अधिकारी और नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, और कृषि पर्यवेक्षक को जिम्मेदारी दी गई है।

शहरी क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, और स्वास्थ्य निरीक्षक को शामिल किया गया है।

**खुले बोरवेल होंगे सील:**
सुरक्षा समितियां खुले और खतरनाक बोरवेल व ट्यूबवेल की पहचान कर मालिकों से संपर्क करेंगी। इन्हें सुरक्षित बनाने के लिए तारबंदी करवाई जाएगी। यदि बोरवेल असफल (सूखा) हो चुका है, तो इसे मिट्टी, कंकड़ और बजरी से बंद किया जाएगा।

**कानूनी कार्रवाई का प्रावधान:**
यदि कोई व्यक्ति असुरक्षित बोरवेल या ट्यूबवेल छोड़ने में लापरवाही करता है, तो ग्राम और नगर स्तरीय समितियां उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगी।

**जागरूकता अभियान:**
खुले बोरवेल से होने वाले खतरों को लेकर ग्राम सभाओं और स्कूलों की प्रार्थना सभाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। प्रशासन ने आमजन से भी इस दिशा में सहयोग करने की अपील की है।

**NEXT अपील:** यह सख्त कदम भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। NEXT जनता से अपील करता है कि वे इस अभियान में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी असुरक्षित बोरवेल की जानकारी तुरंत दें।

### आज है विश्व ब्रेल दिवस



विश्व ब्रेल दिवस ब्रेल लिपि की खोज करने वाले लुई ब्रेल के जन्मदिन पर 4 जनवरी को मनाया जाता है। पहली बार इसे 2019 में मनाया गया था।

### नाबालिग ने कीटनाशक पीया

NEXT 13 वर्षीय नाबालिग ने कीटनाशक पी लिया। बालिका को गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज किया गया। मौके पर पुलिस भी पहुंची।

## पद का दुरुपयोग करना महंगा पड़ा रवि शंकर जोगी निलंबित

NEXT श्रीडूंगरगढ़ के एक कार्मिक को अपने पद का दुरुपयोग करना महंगा साबित हुआ है। नगर पालिका श्रीडूंगरगढ़ के अधिशाषी अधिकारी ने 28फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा पालिका के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-द्वितीय रविशंकर जोगी की शिकायत की थी। जिसमें जोगी द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करने की बात कही गई थी। जिस पर निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव भूपेश माथुर ने कार्यवाही करते हुए रविशंकर जोगी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है।

## फ्रेंड्स ग्रुप ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

NEXT श्रीडूंगरगढ़ कस्बे की सामाजिक संस्था "फ्रेंड्स ग्रुप" द्वारा गुरुवार की रात्रि में जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। संस्था के उपाध्यक्ष हीरालाल पुगलिया ने जानकारी दी कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता के लिए यह पहल समाजसेवियों के सहयोग से की गई है।गुरुवार को यह वितरण धोलिया रोड स्थित घरों में किया गया, जहां 60 जरूरतमंद परिवारों को कम्बल दिए गए। इस कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता राजू माली, मोहनलाल नाई, हड़मान माली, मालाराम सुथार सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



## श्रीडूंगरगढ़ में हिन्दी कविता पर परिसंवाद एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन

NEXT राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति के तत्त्वावधान में हिन्दी कविता पर परिसंवाद एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जयपुर से आमंत्रित प्रसिद्ध कवि शैलेन्द्र चौहान ने अपनी कविताओं और विचारों से कार्यक्रम को समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि परंपराएं स्थिर नहीं होतीं, बल्कि उनके परिवर्तन में ही सामाजिक कल्याण का मार्ग छिपा होता है। उन्होंने कविता के सौंदर्य और शिल्प पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि कविता का भाव पक्ष पाठकों और श्रोताओं को स्पष्ट रूप से समझ में आना चाहिए।



चौहान ने अपनी कविताएं 'ईश्वर की चौखट,' 'दया,' 'सुगंध,' 'दक्षिण की यात्रा,' और 'नौ रुपये चालीस पैसे' प्रस्तुत कीं। उनकी कविता 'ईश्वर की चौखट' में उन्होंने कहा, "तमाम प्रार्थनाएं रह गई अनुत्तरित, कल्पनाएं भाप बनकर उड़ गई।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थानी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष श्याम महर्षि ने परंपराओं के बदलाव और भारतीय संस्कृति की जीवंतता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि परिवर्तनशील समय में भारतीय संस्कृति अपनी पहचान बनाए रखने में सफल रही है।

चर्चा में भाग लेते हुए भाषाविद् साहित्यकार डॉ. मदन सैनी ने कविता को मानवीय भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम बताया। डॉ. महावीर पंवार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन साहित्यकार सत्यदीप ने किया, जिसमें बजरंग शर्मा, सत्यनारायण योगी, रामचंद्र राठी, मनीष सैनी, तुलसीराम चोरड़िया, डॉ. विनोद सुथार, डॉ. राजेश सेवग सहित कई विद्वानों ने सहभागिता की।

## श्रीडूंगरगढ़ थाने के सामने एक्सीडेंट, मौके पर पहुंची पुलिस और सेवादार

NEXT श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाने के सामने एक बाइक अंसतुलित होकर डम्पर से टकरा गई जिसके कारण एक महिला घायल हुई है। कस्बे के बिग्गा बास निवासी रवि ब्राह्मण, उसकी भुआ और चचेरा भाई अपने घर बाइक से जा रहे थे। थाने के सामने एक डम्पर और कैंपर के बीच बाइक आ गई और बाइक अपना संतुलन खो बैठी। जिसके कारण महिला को चोट आई है। तीनों बाइक सवार डंपर के पिछले टायर के नीचे आते-आते बचे। एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर की एम्बुलेंस से महिला को उपजिला अस्पताल ले जाया गया और पैर में चोट लगे रवि को आपणों गांव सेवा समिति की एम्बुलेंस द्वारा ले जाया गया। मौके पर हेड कॉन्स्टेबल भगवानाराम पहुंचे और यातायात शुरू करवाया।

NEXT अपील: वाहन चालक ड्राइविंग के दौरान यातायात नियमों का पालन करें।